30. संदेश लेखन

संदेश का अर्थ है किसी महत्त्वपूर्ण बात या जानकारी से अवगत कराना। व्यक्ति संदेश के माध्यम से किसी व्यक्ति के द्वारा या अन्य किसी संसाधन से अपना संदेश दूसरों को भेजता है आजकल संदेश भेजने के अनेक साधन उपलब्ध हैं, जैसे– व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर या इंस्टाग्राम आदि।

किसी जानकारी को लिखकर किसी व्यक्ति या समूह द्वारा किसी दूसरे व्यक्ति या समूह तक पहुँचाना ही संदेश लेखन कहलाता है।

शिक्षण-संकेत

- शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को संदेश लेखन के बारे में विस्तार से समझाएँ।
- उन्हें संदेश लेखन की परिभाषा समझाकर याद करने को कहें।
- संदेश लेखन के लिए आवश्यक बातों के बारे में चर्चा करें।
- छात्रों को संदेश लेखन के विभिन्न प्रकारों के बारे में बताते हुए प्रत्येक के बारे में विस्तृत जानकारी दें।
- पाठ पृष्ठ पर दिए गए संदेश लेखन का प्रारूप समझाएँ।
- छात्रों को पाठ पृष्ठ 228-230 पर दिए उदाहरण पढ़ने को कहें।
- उन्हें छोटे-छोटे संदेश लिखने के लिए प्रेरित करें।
- पाठ अभ्यास करवाएँ एवं यथासंभव सहायता करें।